RPSC will organise Junior Accountant Exam again

अजमेर
राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती प्री. परीक्षा 2016 के लिए पाठ्यक्रम अब तक जारी नहीं किया गया है। आरएएस प्री. 2016 के लिए ऑनलाइन आवेदन दाखिल कर चुके तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम जारी होने का इंतजार है।
राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 28 अगस्त को आरएएस प्री. 2016 परीक्षा का आयोजन होगा। राज्य सेवा के 334, अधीनस्थ सेवा के 369 और टीएसपी क्षेत्र के 22 पदों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन दाखिल किए जा रहे हैं। आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 जून है। आयोग को अब तक तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन मिले हैं। परीक्षा में दो महीने पांच दिन का समय शेष बचा है, अभी तक पाठ्यक्रम जारी नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों को तैयारी करने में परेशानी हो रही है। अधिकांश अभ्यर्थी पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर ही तैयारी कर रहे हैं।